**मैसर्स सन एण्ड सैण्ड् प्रोपकॉन प्राइवेट लिमिटेड़, क्वार्ट्ज एवं फेल्सपार माईन्स, पर्यावरण संबंधी जनसुनवाई दिनांक 16.12.2024 दोपहरः 01.30 PM बजे, कार्यालय ग्राम पंचायत, शोभजी का गुड़ा, तहसील–लसाड़िया, जिला–सलूम्बर**

यह जनसुनवाई भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा जारी पर्यावरणीय प्रभाव आकलन अधिसूचना (EIA Notification) दिनांक 14.09.2006 एवं संशोधित अधिसूचना दिनांक 01.12.2009 के प्रावधानों के अनुरूप राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल, उदयपुर के तत्वाधान में आयोजित की जा रही है। उक्त जनसुनवाई के लिए नियमानुसार 30 दिवस पूर्व आम सूचना राष्ट्रीय समाचार पत्र द इण्ड़ियन एक्सप्रेस में दिनांक 09.11.2024 एवं स्थानीय समाचार पत्र राष्ट्रदूत में दिनांक 09.11.2024 को प्रकाशित करवा दी गई है।

यह जनसुनवाई **"मैसर्स सन एण्ड सैण्ड् प्रोपकॉन प्राइवेट लिमिटेड"** द्वारा प्रस्तावित **क्वार्ट्ज एवं फेल्सपार** खनन परियोजना (**प्लॉट न. 33/2022** (लीज क्षेत्र 4.4661 हैक्टेयर) क्लस्टर के अन्तर्गत सभी खनन पट्टो को शामिल करते हुए कुल क्लस्टर क्षेत्र 20.2989 हैक्टेयर, प्रस्तावित कुल उत्पादन क्षमता 1466400 TPA (ROM) एवं प्रस्तावित क्वार्ट्ज एवं फेल्सपार उत्पादन क्षमता 348909 TPA निकट ग्राम–बोड़की, तहसील–लसाड़िया, जिला–सलूम्बर स्थित प्रस्तावित परियोजना हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति बाबत् आयोजित की गई है। प्रस्तावित परियोजना की लागत लगभग रू. 5/– करोड़ है।

अतः उद्योग के पर्यावरणीय सलाहकार द्वारा परियोजना के बारे में जो जानकारी दी जावेगी उसे ध्यानपूर्वक सुन तत्पश्चात् आपको यदि इसके बाबत् कोई सुझाव/शिकायत हो तो कृपया सबसे पहले अपना परिचय दें जिसमें आप अपना नाम तथा गांव का नाम बताए साथ ही अपना सुझाव/शिकायत जो भी हो लिखित अथवा मौखिक जैसा आप उचित समझें हमें दे सकते हैं।

इस जनसुवाई के दौरान आप द्वारा जो भी सुझाव/शिकायत की जावेगी चाहे वह लिखित हो या मौखिक हो उसे हम कलमबद्ध करेंगे तथा जनसुनवाई की कार्यवाही की विडियोग्राफी भी ली जा रही है। इसकी सी.डी./डी.वी.डी. के अनुरूप कार्यवृत तैयार किए जायेंगे जिसको राज्य स्तरीय पर्यावरणीय प्रभाव आकलन प्राधिकरण (SEIAA), जयपुर को प्रेषित करेंगे क्योंकि इस इकाई को सन्दर्भ की शर्त (TOR) दिनांक 17.07.2023 को इस कमेटी द्वारा जारी की है एवं उसमें वर्णित समस्त शर्तों की उद्योग द्वारा पालना की जा रही है या की जायेगी जिसकी संपूर्णता सुक्षमता से जांच कर पर्यावरण स्वीकृति पत्र जारी करने की कार्यवाही करेंगे।

वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
सलूम्बर (राज.)

लोक जन सुनवाई में उपस्थित क्षेत्र के पधारे हुए परियोजना प्रस्तावक, ग्रामीण एवं जन प्रतिनिधि सदस्यों की सूची (परिशिष्ठ "अ" में सलंग्न) है।

उपरोक्त के पश्चात इकाई की पर्यावरणीय सलाहकार कायनात आजम द्वारा उक्त इकाई के संबन्ध में तैयार की गई ई.आइ.ई रिपोर्ट संबंधित बनायी गयी कार्यकारी सारांश/ई.आई.ए. की विस्तृत जानकारी दी गई जो की संलग्नक ''ब''के अनुसार है।

अतः कार्यकारी सारांश/ई.आई.ए. की विस्तृत जानकारी के पश्चात श्री कुंज बिहारी पालीवाल, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी, रा.प्र.नि.म. उदयपुर द्वारा उपस्थित आमजन को अपने आक्षेप, सुझाव, शिकायते रखने हेतु आंमत्रित किया गया जो कि निम्नानुसार हैः–

**श्री कुंज बिहारी पालीवाल,वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी, रा.प्र.नि.म, उदयपुरः–**

किसी को कुछ पुछना हो तो वो अपना परिचय देकर पूछ सकता है कोई भी।

**श्री शंकर लाल जी मीणा, सरपंच :–**

हमारे यहां ये पौधे के लिए पैसे वगैरह जो लगाने है ये उन पर खरे उतरेंगे या नही ये पता कैसे करेंगे।

**श्रीमती राजलक्ष्मी गहलोत, अतिरिक्त जिला कलक्टर, सलूम्बर :–**

आप कहाॅ रहते हो?

**डायरेक्टरः–**

जयपुर रहता हूॅ। मै डायरेक्टर हूॅ।

**श्रीमती राजलक्ष्मी गहलोत, अतिरिक्त जिला कलक्टर, सलूम्बर :–**

ओनर भी आप ही हो और डायरेक्ट भी आप ही हो? सरपंच सा. सुन लो आप?

**डायरेक्टरः–**

जयपुर में ट्रीएफ माईन्स के नाम से माईन्स चलन रही है। साफ सफाई के लिये। मैं आपसे और हम लोगो का वार्षिक टारगेट रहता है कि ज्यादा से ज्यादा पेड लगाये जाय और हम यहाॅ माईन्स में डवलप करेंगे जहाॅ पर हमारा कार्यस्थल है। कार्य कर्मभूमि है। यहाॅ पर भी जरूर हम पेड लगायेंगे और विकास में ग्रामीण विकास में भी सहयोग करेंगे।

**श्री शंकर लाल जी मीणा, सरपंच :–**

गांव वाले कह रहे है कि उसमें सहयोग आपको अलग से ही करवाना पडेगा।

**पर्यावरणीय सलाहकार :–**

उसमें स्कूल की मरम्मत के लिये 1 लाख रू. का प्रावधान रखा गया है। हर साल 1 लाख का।

**सरपंच साहबः–**

साल के 1 लाख के लिये।

वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
सलूम्बर (राज.)

**डायरेक्टरः–**

जी वो तो हम करेंगे ही। भगवान की दया से माईन्स अच्छी चलती है तो और भी करेंगे। इसके अलावा भी जो सहयोग आपसी सामंजस्य से यह बात तो बिल्कुल सही है। महत्व इसको ज्यादा ही रहता है कि ज्यादा समाज सेवा करे। और अगर माईन्स अच्छी चलती है आप लोगों की कृपा से तो हम और ज्यादा अच्छा कर सकते है।

**श्रीमती राजलक्ष्मी गहलोत, अतिरिक्त जिला कलक्टर, सलूम्बर :–**

ठीक है और बताइये। एक तो आपके लिये ये ऑनर है ये आप देख लिजिये आप? कोई किसी और किसी को कोई प्रश्न क्वारी पूछना है।

**श्री कुंज बिहारी पालीवाल,वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी, रा.प्र.नि.म, उदयपुरः–**

और किसी को कुछ नही पूछना है।

**श्रीमती राजलक्ष्मी गहलोत, अतिरिक्त जिला कलक्टर, सलूम्बर :–**

ये जो पर्यावरण ज्ञापन के लिये हम इकठ्ठे हुए है जो भी माईन्स के डायरेक्टर या ऑनर है। आपसे निवेदन यही है कि आपकी जो भी प्रोविजन्स हो सीएसआर के तहत। वो यहॉ कि स्थानीय आवश्यकता को देखते हुए ही उसमें प्रोविजन किये जाये। ऐसा नही हो कि हमारी स्थानीय आवश्यकता कुछ और हो आप कहो कि हमारे सीएसआर इसमें प्रोविजन भी नही है और हम उससे इतर कोई खर्चा कर ही नही सकते है। और अगर ऐसा कोई संशोधन स्कूल में किया जाना है तो आपसे रिकवेस्ट है कि आप उसके साथ में मतलब सीएसआर में जो एक्टिविटी मतलब मेंशन कल ही हुई है क्या? एक एक एक्टिविटी। तो उस एक्टिविटी में हम ही कुछ सुधार करवाना चाहे तो।

**पर्यावरणीय सलाहाकार –**

उसमें गांव की प्रायोरिटी।

**श्री कुंज बिहारी पालीवाल,वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी, रा.प्र.नि.म, उदयपुरः–**

मतलब आसपास के गांवों में आप कर सकते हो?

**पर्यावरणीय सलाहाकारः–**

ये सीएसआर की एक्टिविटी उसके खर्चे के लिये कम्प्लाईन्स देनी पडती है। वार्षिक जो फंड होता है उसकी 6 महीने मे कम्पलाईन्स भी होती है।

**श्रीमती राजलक्ष्मी गहलोत, अतिरिक्त जिला कलक्टर, सलूम्बर :–**

किसको होती है ये कम्पलाईन्स

**पर्यावरणीय सलाहाकारः–**

ये पोल्युशन मे भी जाती है और एमओईएफ पर भी जाती है।

वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
सलूम्बर (राज.)

**श्रीमती राजलक्ष्मी गहलोत, अतिरिक्त जिला कलक्टर, सलूम्बर :–**

आप एक लोकल एडमिनिस्ट्रेशन को भी देंगे सीएसआर की कम्प्लाईन्स। आपने हर साल सीएसआर के तहत क्या क्या एक्टिविटीज करी है और हर साल फंड उसमें। आपके नोम्म में क्या था आपने क्या क्या किया वो चेंज उसमें आ जायेगा उस लिस्ट में। और सरपंच साहब बताइये कोई इशु।

**श्री शंकर लाल जी मीणा, सरपंच :–**

ईशु तो कोई नही है। वो काम हो जाये।

**श्रीमती राजलक्ष्मी गहलोत, अतिरिक्त जिला कलक्टर, सलूम्बर :–**

आपके माईन्स खुल जायेगी अच्छी बात है। देश के विकास में एक गति मिलेगी वो भी अच्छी बात है। लेकिन उसके जो भी अच्छे या बुरे प्रभाव होते है वो यहां के स्थानीय निवासियों को ही झेलने पडते है तो आपसे रिकवेस्ट ये है कि उनकी सिक्योरिटी के लिये, आर्थिक उत्थान के लिये, सामाजिक उत्थान के लिये, स्वास्थ्य के लिये क्या बेहतर कर पाये वो सारी चीजे लोकल लोगो को संतुष्ट करना बहुत जरूरी हैं। माईनिंग कर रहे हो तो ब्लास्टिंग भी होगी।

पर्यावरणीय सलाहाकारः–

ब्लास्टिंग नही होगी वायर सा युज करेंगे ब्लॉक कटेंगे।

**श्रीमती राजलक्ष्मी गहलोत, अतिरिक्त जिला कलक्टर, सलूम्बर :–**

कैसे कटेंगे? ब्लास्ट नही होगा।

पर्यावरणीय सलाहाकारः–

नही वायर से करेगे, एक तरह से माला होती है वो वायर से जैसे कटती है आवाज नही होती है, पानी से कटती है।

**श्री कुंज बिहारी पालीवाल,वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी, रा.प्र.नि.म, उदयपुरः–**

आदरणीय एडीएम मैडम की अनुमति से मैं इस जनसुनवाई की समाप्ति की घोषणा करता हूँ।

श्री कुंज बिहारी पालीवाल, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, उदयपुर ने उपस्थित जनसमुदाय को बताया कि आपके द्वारा दिये गये सुझावों एवं आक्षेपो को जनसुनवाई के कार्यवृत में शामिल किया जावेगा तथा कार्यवाही विवरण की वीडियो, रिकॉर्डिंग सी.डी (परिशिष्ठ "स" में सलंग्न) एवं फोटोग्राफ (**परिशिष्ठ "द"** में सलंग्न) के साथ उन्हें राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, जयपुर के समक्ष प्रेषित किया जावेगा। इसके बाद **वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी, रा.प्र.नि.म., उदयपुर** महोदय ने **अतिरिक्त जिला कलेक्टर, सलूम्बर** को इस जनसुनवाई को समाप्त करने हेतु निवेदन किया तत्पश्चात जनसुनवाई समाप्ति की घोषणा की गई।

(राजलक्ष्मी गहलोत)
अतिरिक्त जिला कलेक्टर
जिला – सलूम्बर

अतिरिक्त जिला कलक्टर
सलूम्बर (राज.)

(कुंज बिहारी पालीवाल)
वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी
क्षे.का.रा.प्र.नि.म., उदयपुर

वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

मैसर्स सन एण्ड सैण्ड प्रोपकॉन प्राइवेट लिमिटेड, क्वार्ट्ज एवं फेल्सपार (प्लॉट नं. 33/2022, क्षैत्रफल–4.4661 हैक्टेयर) प्रस्तावित कुल उत्पादन क्षमता 1466400 TPA (ROM) एवं प्रस्तावित क्वार्ट्ज एवं फेल्सपार उत्पादन क्षमता 348909 TPA निकट ग्राम– बोड़की, तहसील–लसाड़िया, जिला–सलूम्बर पर्यावरण संबंधी जनसुनवाई बाबत् दिनांक 16.12.2024 को दोपहरः 01.30 PM बजे, कार्यालय ग्राम पंचायत, शोभजी का गुड़ा, तहसील–लसाड़िया, जिला–सलूम्बर में आयोजित जनसुनवाई में उपस्थित अधिकारी एवं स्थानीय नागरिकगणः–

| क.सं. | व्यक्ति का नाम | पता / विभाग का नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती राजलक्ष्मी गहलोत | अति. जिला कलक्टर सलूम्बर | [signature] |
| 2. | कृष्ण बिहारी पालीवाल | वरिष्ठ वैज्ञा. अधिकारी, क्षे.का. रा.प्र.नि.मंडल, उदयपुर | [signature] |
| 3 | C.P. Jeengar | RPCB, Udr | [signature] |
| 4 | Kaynat Azhar | CRIPL, Udaipur | [signature] |
| 5. | Dal chand dangi | KRIPL Udaipur | [signature] |
| 6. | शुभम गंगावत | पुणे | शुभम |
| 7 | शम्भु लाल | बोड़की | शम्भु लाल |
| 8 | करण सिंह | बोड़की | करण सिंह |
| 9 | शंकर लाल | बोड़की | शंकर लाल |
| 10 | भगाराम | बोड़की | भगाराम |
| 11 | बाबु डीला | बोड़की | [signature] |
| 12 | मानमल मीणा | शोभजी का गुड़ा | मान |
| 13 | मानु | शोभजी का गुड़ा | नानाराम |
| 14 | नेतराम जी | मेनमा खेड़ा रायपुर | |
| 15 | प्र आसुराम | रवागाणीया | [signature] |
| 16 | शैतानसिंह राजपूत | बोड़की | शैतानसिंह |
| 17 | नाथूलाल | बोड़की | नाथू लाल |
| 18 | कैलाश चन्द्र छीपा | आसीन्द | कैलाशचन्द |
| 19 | प्रकाश कोठारी | उदयपुर | [signature] |
| 20 | राम प्रकाश मेंगानिया | भीलवाड़ा | [signature] |
| 21 | दीपक कुमार छीपा | — " — | दीपक छीपा |

| क.सं. | व्यक्ति का नाम | पता/विभाग का नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 22 | जितेन्द्र कुमार | भीलवाड़ा | जितेन्द्र |
| 23 | कैलाश | भीलवाड़ा | कैलाश |
| 24 | युवराज सिंह सोलंकी | चित्तौड़ | युवराज |
| 25 | अर्जुन सिंह | शोभजी का खेड़ा | |
| 26 | दूगी बाई | शोभजी का खेड़ा | |
| 27 | मोहनी बाई | शोभजी का खेड़ा | मोहनी |
| 28 | कमली बाई | शोभजी का खेड़ा | |
| 29 | प्यारी बाई | शोभजी का खेड़ा | |
| 30 | कमली बाई | शोभजी का खेड़ा | कमली |
| 31 | भमरी बाई | शोभजी का खेड़ा | भमरी |
| 32 | गंगाराम जी | शोभजी का खेड़ा | |
| 33 | महावीर वैष्णव | नेगड़िया | महावीर |
| 34 | रूपलाल गाडोलिया | बोड़की | रूपलाल |
| 35 | प्रवीण शर्मा | बोड़की | प्रवीण |
| 36 | पारसी | बोड़की | पारसी |
| 37 | उदी | शोभजी का खेड़ा | |
| 38 | नारायण | मांडकला | नारायण |
| 39 | कैलाश | बोड़की | Mukesh |

